राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: प्रेस–नोट :–

दिनांक : 26.10.2015

आर.ए.एस. प्री. परीक्षा–2013 आगामी 31 अक्टूबर, 2015 को :
सरकारी वीक्षकों की डयूटी परीक्षा केन्द्र पर रेण्डमाईजेशन से :
पेन पर पाबन्दी नहीं : परीक्षार्थी को फोटो आई.डी. लाना जरूरी

राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आर. ए. एस. (प्रारम्भिक) प्रतियोगी परीक्षा, 2013 आगामी 31 अक्टूबर, 2015 को निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी। आयोग द्वारा इसके लिए सभी प्रकार की तैयारियां कर ली गई है। सभी जिलों में सम्बन्धित जिला कलक्टर द्वारा अपने स्तर पर सुरक्षा सहित अन्य सभी इंतजाम किये जा रहे हैं।

इस परीक्षा के निर्धारित परीक्षा केन्द्र जो सरकारी शिक्षण संस्थाओं एवं संस्थानों में निर्धारित है उनमें सरकारी वीक्षकों की ड्यूटी रेण्डमाईजेशन से लगाई जाएगी। रेण्डमाईजेशन संबंधित जिला कलक्टर द्वारा किया जाएगा।

निजी शिक्षण संस्थाओं में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में लगाये जाने वाले वीक्षक में भी 50 प्रतिशत वीक्षक सरकारी कर्मचारी/अधिकारी होंगे जिनकी ड्यूटी भी रेण्डमाईजेशन द्वारा लगाई जाएगी। निजी शिक्षण संस्थाओं द्वारा लगाये जाने वाले 50 प्रतिशत वीक्षक की सूची परीक्षा से पूर्व संबंधित जिला कलक्टर को उपलब्ध कराना होगा।

इस परीक्षा में आने वाले परीक्षार्थी को अपने साथ अपना फोटो आई.डी. कार्ड लाना आवश्यक होगा।

आगामी 31 अक्टूबर 2015 को हो रही इस परीक्षा में आयोग द्वारा पेन पर पाबन्दी नहीं लगाई है। परीक्षा के दौरान नकल रोकने के लिए हर सम्भव उपाय किये जा रहे हैं।

(नरेश कुमार ठकराल)
सचिव

– –